पीक आवर में एक्वा लाइन पर हर 7:30 मिनट में मिलेगी मेट्रो

अमर उजाला ब्यूरो

कल से मिलेगी सुविधा यात्रियों की मांग देखकर एनएमआरसी ने लिया निर्णय

ग्रेटर नोएडा। सोमवार से नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्वा लाइन पर मेट्रो की फ्रिक्वेंसी बढ़ जाएगी। इसके तहत अब पीक ऑवर में हर 7.30 मिनट पर मेट्रो मिलेगी। जबकि नॉन पीक ऑवर में 10 मिनट में मेट्रो मिलेगी।

एनएमआरसी के कार्यकारी निदेशक पीडी उपाध्याय ने बताया कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्वा लाइन मेट्रो में यात्रियों की मांग को देखते हुए पीक आवर (सोमवार से शुक्रवार सुबह 8 से 11 और शाम 5 से 8 बजे तक) हर 7.30 मिनट में मेट्रो मिलेगी। वहीं, नॉन पीक ऑवर में 10 मिनट में यात्रियों को मेट्रो मिलेगी। अभी तक एक्वा लाइन मेट्रो पीक ऑवर में 10 मिनट में मेट्रो मिलती है और नॉन पीक ऑवर में 15 मिनट पर मेट्रो मिलती है। रविवार को पूर्व की तरह 15 मिनट में ही मेट्रो मिलेगी। डिपो स्टेशन से लेकर सेक्टर-51 तक 30 किलोमीटर के सफर में 21 स्टेशन हैं।

रोजाना 13317 यात्री करते हैं सफर

एनएमआरसी के कार्यकारी निदेकश पीडी उपाध्याय ने दावा किया है कि एक्वा लाइन पर मेट्रो ट्रेनें समय से (99 फीसदी मामलों) में चल रही हैं। मई माह तक एक्वा लाइन मेट्रो में प्रतिदिन 13317 यात्री सफर कर रहे हैं। एक्वा लाइन मेट्रो सोमवार से शनिवार तक सुबह छह बजे से रात दस बजे तक चलती है। वहीं, रविवार को सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच चलती है।

163 फेरे से बढ़ाकर 221 फेरे लगाएगी मेट्रो : एनएमआरसी के कार्यकारी निदेशक पीडी उपाध्याय ने बताया कि वर्तमान में पीक ऑवर में 10 मेट्रो कुल 163 फेरे लगाती हैं। अब पीक ऑवर में 13 मेट्रो दौड़ेंगी। इस दौरान मेट्रो ट्रेनें 221 फेरे लगाएगी। एक्वा लाइन मेट्रो के 58 फेरे बढ़ाए गए हैं।